महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
वेदविद्या मार्ग, चिन्तामण गणेश, पो.ऑ. – जवासिया, उज्जैन – 456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(Ministry of Education, Govt. of India)
Ved Vidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasia, Ujjain – 456006 (M.P.)

पत्र सं.. 25-2/2025 (शै.)/मसारावेविप्र/ दिनांक 12-06-2025

# अधिसूचना - 1723

**विषय :- पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (Refresher Course) प्रशिक्षण आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में।**

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के आलोक में तथा प्रतिष्ठान की अधिकृत समितियों की अनुशंसा से प्रतिष्ठान की अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों के वेद अध्यापकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम प्रशिक्षण अध्यापकों के गुणवत्ता में सुधार, ज्ञानवृद्धि तथा अध्ययन-अध्यपन की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालन के लिये आयोजित किया जाना आवश्यक है।

वेद पाठशालाओं/गुरुशिष्य परम्परा इकाइयों के वेद अध्यापकों की सेवाएँ 5 वर्ष अथवा 10 वर्ष पूर्ण होने पर मानदेय वृद्धि प्रदान किये जाने का प्रावधान है। ऐसे वेद अध्यापकों के लिये वर्ष 2025-26 में देश के विभिन्न स्थानों पर निम्नानुसार पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं :-

| क्र. | प्रशिक्षण का स्थान | सम्पर्क सूत्र | वेद एवं शाखा | प्रशिक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजराजेश्वरी वेद गुरुकुलम्, सिरसी, कर्नाटक | 9480790878 | ऋग्वेद शाकल शाखा | 20 जून से 4 जुलाई, 2025 |
| 2 | श्री स्वामी नारायणानन्द तीर्थ वेद विद्यालय, बी-1/148, श्रीकाशीधर्म पीठ, अस्सी वाराणसी, (उत्तरप्रदेश) | 6392408630 | शुक्लयजुर्वेद माध्यान्दिन शाखा | 20 जून से 4 जुलाई, 2025 |
| 3 | श्री पीताम्बरा शक्ति पीठ वेद पाठशाला, ग्रा. बिरुरा, पो. कल्लीपश्चिम, जिला – लखनऊ (उ.प्र) | 7991419490 | शुक्लयजुर्वेद माध्यान्दिन शाखा | 20 जून से 4 जुलाई, 2025 |
| 4 | श्री निजानन्द वेद विद्यालय, वेदश्री तपोवन, सर्वे नं. 252, होटल पूर्णब्रह्म के पास, हवलदार वस्ती, आलन्दी - मौशीरोड, मौशी, जिला - पुणे, महाराष्ट्र | 9975075098 | शुक्लयजुर्वेद माध्यान्दिन शाखा | 21 जून से 5 जुलाई, 2025 |
| 5 | राजावेदा काव्य पाठशाला, कुम्भकोणम्, तमिलनाडु | 9442399391 | कृष्णयजुर्वेद | 20 जून से 4 जुलाई, 2025 |
| 6 | वेदस्थली शोध संस्थान, हरिद्वार, उत्तराखण्ड | 9012747225 | सामवेद | 20 जून से 4 जुलाई, 2025 |
| 7 | श्री मुनिकुल ब्रह्मचर्याश्रम वेद संस्थान जिला-भीलवाड़ा (राज.) | 9413787527 | अथर्ववेद | 20 जून से 4 जुलाई, 2025 |

2. प्रतिष्ठान द्वारा प्रतिभागी अध्यापकों को आने-जाने एवं प्रशिक्षण दिवसों सहित कार्यावकाश प्रदान किया जायेगा।

निरन्तर....

3. किसी भी अध्यापक द्वारा धर्मपत्नी, बच्चों या किसी भी पारिवारिक सदस्य/मित्र को अपने साथ लाना प्रतिबन्धित है। ऐसे प्रतिभागी का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में प्रवेश वर्जित होगा।
4. पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में उपस्थित रहना अनिवार्य है । अनुपस्थित रहने पर वेद अध्यापक का मानदेय प्रदान किया जाना सम्भव नहीं होगा ।
5. पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित समय-सारणी का पालन करना अनिवार्य है । अध्यापकों को निश्चित स्थान पर निर्धारित आवास में ही रहना आवश्यक है । बाहर से आने-जाने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी ।

यह अधिसूचना प्रतिष्ठान सचिव महोदय के आदेशानुसार जारी की जा रही है।

संलग्न :- प्रतिभागी अध्यापकों की सूची।

भवदीय,

12.6.23

(संजय श्रीवास्तव)
सहायक निदेशक(शैक्षणिक)

प्रतिलिपि :-

1. सम्बन्धित समस्त संस्था एवं वेदाध्यापकों को पालनार्थ।
2. प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ ।
3. कार्यालय आदेश नस्ती।
4. सम्बन्धित फाइल ।